कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, (आई0सी0डी0एस0), प्रतापगढ़

पत्रांक– 1744 /जि0का0अधि0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक: 10 नवम्बर, 2025

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2025/3313/58–1–2025–(1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद प्रतापगढ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत् विभागीय वेबसाइट पोर्टल http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	परियोजना का नाम	आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या
1	प्रतापगढ	आसपुर देवसरा	117
2		बाबा बेलखर नाथ धाम	108
3		बाबागंज	81
4		बिहार	92
5		गौरा	30
6		कालाकांकर	44
7		कुण्डा	136
8		लक्ष्मणपुर	55
9		मान्धाता	37
10		मंगरौरा	126
11		पट्टी	87
12		शहर स्थान	4
13		रामपुरखास	58
14		रामपुर संग्रामगढ	100
15		सदर ग्रामीण	54
16		सण्डवा चन्द्रिका	42
17		सांगीपुर	53
18		शिवगढ	50
		TOTAL	1274

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड/बाल विकास परियोजना कार्यालय इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी एवं मेरिट का निर्धारण इण्टरमीडिएट से परास्नातक तक के प्राप्तांको के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा की स्थायी निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्यायपंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट आफ तिथि 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर आनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगें। आफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञापित पदों हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि–05.12.2025 तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यकम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नोट– पोर्टल पर आवेदन करते समय आवेदनकर्ता शासनादेश के प्रावधानो के अनुक्रम में आवेदन पत्र अपलोड करें किसी भी वाद की स्थिति में निर्णय शासनादेश में वर्णित प्रावधानो के अधीन होगा।

(ज्योति शाक्य)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रतापगढ़

प्रतापगढ।

Scanned with OKEN Scanner